**राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के घटक "शहरी पथ विक्रेताओं की सहायता योजना (Support to Urban Street Vendors - SUSV)" के अन्तर्गत शहरी पथ विक्रेता प्लान (सिटी स्ट्रीट वेडिंग प्लान) तैयार किये जाने हेतु एजेन्सी के चयन के अनुमोदन हेतु सचिव नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता में शासनादेश संख्या–834/69–1–14.–14(104)/2013 दिनांक 23 मई 2014 के द्वारा गठित "राज्य परियोजना स्वीकृति समिति" की दिनांक 18.11.2016 को सूडा सभागार में सायं 05:00 बजे आयोजित सप्तम बैठक का कार्यवृत्त**

राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के उपघटक शहरी पथ विक्रेताओं की सहायता योजना हेतु उल्लिखित शासनादेश के अधीन गठित राज्य स्तरीय परियोजना स्वीकृति समिति की बैठक सचिव नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग, उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता में दिनांक 18.11.2016 को आयोजित हुई, जिसमें समिति के सदस्यों और राज्य शहरी आजीविका मिशन/सूडा उ0प्र0 के निम्नलिखित अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया:–

1. श्री वी0के0 सिंह, अपर निदेशक, सूडा, उ0प्र0।
2. श्री लाल प्रताप सिंह, वित्त नियंत्रक, सूडा, उ0प्र0।
3. श्री आर0एन0 सिंह, संयुक्त सचिव, चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, उ0प्र0 लखनऊ।
4. श्री कृपा शंकर शुक्ला, अनुसचिव, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन।
5. श्रीमती अजन्ता देवी, सीनियर रिसर्च आफिसर, नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन।
6. श्री राम नरेश, अपर सांख्यिकी अधिकारी, स्थानीय निकाय निदेशालय, उ0प्र0।
7. श्री राहुल जी श्रीवास्तव, महाप्रबंधक, हडको।
8. श्री वी0 थीरूयावालयन, कार्यकारी निदेशक, हडको।
9. श्री आई0पी0 कनौजिया, परियोजना निदेशक, सूडा, उ0प्र0।
10. श्री आर0के0 श्रीवास्तव, डी0जी0एम0 हडको, लखनऊ।
11. श्री आर0एन0 पाल, स्टेट मिशन मैनेजर, एन0यू0एल0एम0, सूडा, उ0प्र0।
12. डा0 कमल कुमार सिंह, स्टेट मिशन मैनेजर, एन0यू0एल0एम0, सूडा, उ0प्र0।
13. श्री नरेन्द्र सिंह, परियोजना अधिकारी, डूडा सम्भल।
14. श्री राज कुमार गुप्ता, अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद सम्भल।
15. श्री मो0 आरिफ, परियोजना अधिकारी, डूडा मिर्जापुर।
16. श्री विनय सिंह, परियोजना अधिकारी, डूडा बरेली।
17. श्री संदीप कुमार, परियोजना अधिकारी, डूडा मथुरा।
18. श्रीमती विजया तिवारी, परियोजना अधिकारी, डूडा उन्नाव।
19. श्री वसीम सिद्दीकी, सिटी मिशन मैनेजर, सी0एम0एम0यू0–डूडा जौनपुर।
20. श्री मोइन खान, सिटी मिशन मैनेजर, सी0एम0एम0यू0–डूडा बुलन्दशहर।
21. श्री आनन्द प्रकाश मौर्य, सिटी मिशन मैनेजर, सी0एम0एम0यू0–डूडा मऊ।

**<u>एजेन्डा बिन्दु संख्या–1</u>**

राज्य स्तरीय परियोजना स्वीकृति समिति की बैठक में सर्वप्रथम मिशन निदेशक/निदेशक सूडा द्वारा राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के उपघटक "शहरी पथ विक्रेताओं की सहायता योजना (Support to Urban Street Vendors - SUSV)" के सम्बन्ध में अवगत कराया गया। इस घटक का मुख्य उद्देश्य शहरी पथ विक्रेताओं को उनके कार्य के लिये उपयुक्त स्थलों, संस्थागत ऋण, सामाजिक सुरक्षा और कौशल विकास के अवसर उपलब्ध कराने के साथ शहरी पथ विक्रेताओं का सर्वेक्षण कर उन्हें पहचान–पत्र जारी करना, शहरी पथ विक्रेता प्लान (सिटी स्टीट वेड़िंग प्लान) तैयार करना, शहर में वेड़िंग जोन हेतु अवस्थापना विकास

हेतु विस्तृत क्रियान्वयन प्लान (डिटेल इम्प्लीमेन्टेशन प्लान) (डी0आई0पी0) तैयार करना, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास, वित्तीय सहायता प्रदान करना है और सरकार की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत उपलब्ध सहायता को पथ विक्रेताओं तक पहुँचाना है। एन.यू.एल.एम. के अंतर्गत उपलब्ध सम्पूर्ण बजट का 5 प्रतिशत तक इस घटक पर खर्च किया जा सकेगा। **समिति द्वारा उपरोक्त तथ्यों को संज्ञान में लेते हुए पिछली बैठक दिनांक 02.08.2016 की पुष्टि की गयी।**

<u>एजेन्डा बिन्दु संख्या–2</u>

**मिशन के अन्तर्गत चयनित शहरों में शहरी पथ विक्रेताओं को सहायता उपलब्ध कराने हेतु शहरी पथ विक्रेता प्लान आदि तैयार किया जाना है। योजना के दिशानिर्देशानुसार सूडा के** पत्रांक– 3669/241/NULM/तीन/2001(SUSV), दिनांक 01.01.2015 द्वारा जारी किये गये। उक्त निर्देश में पत्रांक–03/241/NULM/तीन/ 2001(SUSV), दिनांक 01.04.2015 द्वारा सशोधन करते हुए एजेन्सी चयन प्रक्रिया में एल–1 प्रणाली अपनाने के निर्देश जारी किये गये हैं। सूडा के पत्रांक– 687/241/NULM/तीन/2014(SUSV), दिनांक 22.05.2015 द्वारा शहरों हेतु एक मॉडल ड्राफ्ट निविदा (आर0एफ0पी0) को वेबसाइट पर अपलोड किया गया।

उक्त दिशा निर्देशानुसार शहरी पथ विक्रेता प्लान आदि तैयार करने हेतु नगर निकायों द्वारा एजेन्सी का चयन निविदा जारी करते हुए पारदर्शी प्रक्रिया द्वारा किया जायेगा। उक्त दिशा निर्देश के प्रस्तर 6.2.2.7 के अनुसार चयनित एजेन्सी को शहरी पथ विक्रेता प्लान (सिटी स्ट्रीट वेंडिंग प्लान) आदि तैयार करने हेतु कार्यादेश जारी करने से पहले उसके चयन को शहरी पथ विक्रेताओं को सहायता योजनान्तर्गत गठित राज्य स्तरीय परियोजना स्वीकृति समिति से अनुमोदनार्थ सम्भल, उन्नाव, बुलन्दशहर, जौनपुर, मथुरा, बरेली, मिर्जापुर, लोनी, फैजाबाद एवं मऊ हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया, जिनका विवरण निम्नवत है:–

1. <u>सम्भल शहर–</u>

   जिलाधिकारी/अध्यक्ष, डूडा– सम्भल के पत्रांक 178/डूडा/2016–17 दिनांक 20.08.2016 द्वारा उपलब्ध कराये गये विवरण के अनुसार शहरी पथ विक्रेता प्लान तैयार करने हेतु दिनांक 30.06.2016 को निविदा के माध्यम से प्रस्ताव आमंत्रित किये गये, परन्तु किसी भी संस्था द्वारा प्रस्ताव प्रस्तुत नही किये गये। पुनः दिनांक 11.07.2016 को शहरी पथ विक्रेता प्लान तैयार करने हेतु निविदा के माध्यम से प्रस्ताव आमंत्रित किये गये। पुनः प्रकाशित निविदा के आधार पर दो प्रस्ताव (01) मै0 रूद्राभिषेक इन्टरप्राइजेज, नोएडा (02) मै0 खादीग्रामोदय आश्रम, मो0 कोटपूर्वी, सम्भल प्राप्त हुये।

   **इन दोनों प्रस्तावों के तकनीकी मूल्यांकन में मै0 खादीग्रामोदय आश्रम, मो0 कोटपूर्वी, सम्भल द्वारा अर्हताएं पूर्ण नहीं की जा सकी। इस कारण द्वितीय बार निविदा में मात्र एक संस्था द्वारा तकनीकी अर्हता पूर्ण किये जाने के कारण निविदा के माध्यम से प्राप्त प्रस्तावों को निरस्त करते हुए समिति द्वारा पुनः निविदा आमंत्रित किये जाने के निर्देश दिये गये।**

2. <u>उन्नाव शहर–</u>

मुख्य विकास अधिकारी/सिटी प्रोजेक्ट आफिसर, डूडा उन्नाव के पत्र सं0–68/एन.यू.एल.एम.–एस.यू.एस.वी./डूडा/2016–17 दिनांक 05.09.2016 द्वारा उपलब्ध कराये गये विवरण के अनुसार शहरी पथ विक्रेता प्लान तैयार करने हेतु दिनांक 01.08.2016 को निविदा के माध्यम से प्रस्ताव आमंत्रित किये गये। इस क्रम में तीन निविदादाताओं के माध्यम से प्रस्ताव प्राप्त हुए, जिसे जिलाधिकारी द्वारा गठित कमेटी के समक्ष पारदर्शी प्रक्रिया अपनाते हुए खोला गया। तकनीकी बिड में प्राप्त प्रस्तावों में तीनों संस्थाओं द्वारा शासनादेशानुसार सभी शर्तें पूर्ण पाई गई है। तकनीकी मूल्यांकन में अर्ह तीनों संस्थाओं की वित्तीय निविदा खोली गयी, जिसके अनुसार स्टेसालिट सिस्टम लि0 कोलकाता की दर रू0 500.00 प्रति वेंडर, अनुराधा टेक्निकल प्रा0 लि0 वाराणसी की दर रू0 470.00 तथा बिजनेस इनोवेशन, लखनऊ की दर रू0 340.00 प्रति वेंडर प्राप्त हुआ। बिजनेस इनोवेशन, लखनऊ की न्यूनतम दर रू0 340.00 की स्वीकृति के अनुमोदन की संस्तुति निविदा समिति द्वारा की गयी।

**उपरोक्तानुसार न्यूनतम निविदादाता बिजनेस इनोवेशन, लखनऊ की दर रू0 340.00 प्रति वेंडर की दर को राज्य स्तरीय परियोजना स्वीकृति समिति द्वारा अन्य शहरों के सापेक्ष अधिक दर पाया गया। अतः राज्य स्तरीय परियोजना स्वीकृति समिति द्वारा निर्देशित किया गया कि उक्त दर में संस्था बिजनेस इनोवेशन, लखनऊ से निगोशिएशन किया जाये। निगोशिएशन के पश्चात दर को अन्तिम रूप देने हेतु समिति द्वारा जिलाधिकारी उन्नाव को अधिकृत किया गया। तदनुसार प्राप्त न्यूनतम दर को अन्तिम रूप देते हुए राज्य शहरी आजीविका मिशन को लिखित में सूचित किया जाये और नियमानुसार संस्था/एजेन्सी को कार्यादेश जारी करते हुए अनुबंध कर अग्रेतर कार्यवाही की जाये।**

3. <u>बुलन्दशहर शहर–</u>

जिलाधिकारी/अध्यक्ष, डूडा– बुलन्दशहर के पत्र सं0– 309/डूडा/बी0एस0आर0 दिनांक 09.09.2016 द्वारा उपलब्ध कराये गये विवरण के अनुसार शहरी पथ विक्रेता प्लान तैयार करने हेतु दिनांक 20.07.2016 को निविदा के माध्यम से प्रस्ताव आमंत्रित किये गये, परन्तु पर्याप्त संख्या में निविदा प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुये। पुनः दिनांक 06.08.2016 को शहरी पथ विक्रेता प्लान तैयार करने हेतु निविदा के माध्यम से प्रस्ताव आमंत्रित किये गये किन्तु कोई भी निविदा प्राप्त नहीं हुई फलस्वरूप दिनांक 20.08.2016 को पुनः निविदा आमंत्रित करने हेतु सूचना प्रकाशित कराई गई, जिसके आधार पर तीन निविदादाताओं के माध्यम से प्रस्ताव प्राप्त हुए, जिसे निविदा हेतु गठित कमेटी के समक्ष पारदर्शी प्रक्रिया अपनाते हुए खोला गया। तकनीकी बिड में प्राप्त प्रस्तावों में तीन संस्थाओं द्वारा शासनादेशानुसार सभी शर्तें पूर्ण पाई गई है। तकनीकी मूल्यांकन में अर्ह तीनों संस्थाओं की वित्तीय निविदा खोली गयी, जिसके अनुसार रूद्राभिषेक इन्टरप्राइजेज प्रा0 लि0 नोएडा, की दर रू0 296.00 प्रति वेंडर, केरीटास ईको सिस्टम प्रा0 लि0 नई दिल्ली की दर रू0 195.00 तथा बायोटेक वेस्ट मैनेजमेंट प्रा0 लि0 उन्नाव की दर रू0 243.00 प्रति वेंडर प्राप्त हुआ। केरीटास ईको सिस्टम प्रा0 लि0 नई दिल्ली की न्यूनतम दर रू0 195.00 की स्वीकृति के अनुमोदन की संस्तुति निविदा कमेटी द्वारा की गयी।

**उपरोक्तानुसार न्यूनतम निविदादाता केरीटास ईको सिस्टम प्रा0 लि0 नई दिल्ली की दर रू0 195.00 प्रति वेंडर का अनुमोदन राज्य स्तरीय परियोजना स्वीकृति समिति द्वारा किया गया। समिति द्वारा यह भी निर्देशित किया गया कि एजेन्सी को शीघ्र ही कार्यादेश जारी कर अनुबन्ध करते हुए और निविदा अनुसार शहरी पथ विक्रेता प्लान आदि तैयार करने हेतु अपेक्षित कार्यवाही की जाये।**

4. जौनपुर शहर–

जिलाधिकारी/अध्यक्ष डूडा– जौनपुर के पत्र सं0– 348/सी0एम0एम0यू0/शहरी पथ विक्रेता/2016–17 दिनांक 14.09.2016 द्वारा उपलब्ध कराये गये विवरण के अनुसार शहरी पथ विक्रेता प्लान तैयार करने हेतु दिनांक 09.08.2016 को निविदा के माध्यम से प्रस्ताव आमंत्रित किये गये। इस क्रम में तीन निविदादाताओं के माध्यम से प्रस्ताव प्राप्त हुए, जिसे निविदा हेतु गठित कमेटी के समक्ष पारदर्शी प्रक्रिया अपनाते हुए खोला गया। तकनीकी बिड में प्राप्त प्रस्तावों में तीनों संस्थाओं द्वारा शासनादेशानुसार सभी शर्तें पूर्ण पाई गई है। तकनीकी मूल्यांकन में अर्ह तीनों संस्थाओं की वित्तीय निविदा खोली गयी, जिसके अनुसार बिजनेस इनोवेशन, लखनऊ की दर रू0 370.00 प्रति वेंडर, युग एसोसिएट, लखनऊ की दर रू0 315.00 तथा बायोटेक वेस्ट मैनेजमेंट प्रा0 लि0, उन्नाव की दर रू0 295.00 प्रति वेंडर प्राप्त हुआ। बायोटेक वेस्ट मैनेजमेंट प्रा0 लि0, उन्नाव की न्यूनतम दर रू0 295.00 की स्वीकृति के अनुमोदन की संस्तुति निविदा कमिटी द्वारा की गयी। यह भी अवगत कराया गया है कि इनमें से दो संस्थाओं बिजनेस इनोवेशन, गोमती नगर, लखनऊ और बायोटेक वेस्ट मैनेजमेंट, उन्नाव का प्रजेन्टेशन भी निविदा समिति द्वारा देखा गया और बायोटेक वेस्ट मैनेजमेंट का प्रजेन्टेशन सराहा गया।

**उपरोक्तानुसार न्यूनतम निविदादाता बायोटेक वेस्ट मैनेजमेंट प्रा0 लि0, उन्नाव की दर रू0 295.00 प्रति वेंडर की दर को राज्य स्तरीय परियोजना स्वीकृति समिति द्वारा अन्य शहरों के सापेक्ष अधिक दर माना गया। अतः राज्य स्तरीय परियोजना स्वीकृति समिति द्वारा निर्देशित किया गया कि उक्त दर में संस्था बायोटेक वेस्ट मैनेजमेंट प्रा0 लि0, उन्नाव से निगोशिएशन किया जाये। निगोशिएशन के पश्चात दर को अन्तिम रूप देने हेतु समिति द्वारा जिलाधिकारी जौनपुर को अधिकृत किया गया। तदनुसार प्राप्त न्यूनतम दर को अन्तिम रूप देते हुए राज्य शहरी आजीविका मिशन को लिखित में सूचित किया जाये और नियमानुसार संस्था/एजेन्सी को कार्यादेश जारी करते हुए अनुबंध कर अग्रेतर कार्यवाही की जाये।**

5. मथुरा शहर–

परियोजना निदेशक/मुख्य विकास अधिकारी एन0यू0एल0एम0–डूडा–मथुरा के पत्रांक 494/NULM/डूडा /16–17 दिनांक 15.10.2016 द्वारा उपलब्ध कराये गये विवरण के अनुसार शहरी पथ विक्रेता प्लान तैयार करने हेतु निविदा के माध्यम से प्रस्ताव आमंत्रित किये गये। इस क्रम में तीन निविदादाताओं के माध्यम से प्रस्ताव प्राप्त हुए, जिसे निविदा हेतु गठित कमेटी के समक्ष पारदर्शी प्रक्रिया अपनाते हुए खोला गया। तकनीकी बिड में प्राप्त प्रस्तावों में चारों संस्थाओं द्वारा

शासनादेशानुसार सभी शर्तें पूर्ण पाई गई है। तकनीकी मूल्यांकन में अर्ह चारों संस्थाओं की वित्तीय निविदा खोली गयी, जिसके अनुसार श्याम ग्रामोद्योग संस्थान की दर रू0 345.00 प्रति वेंडर, बालाजी की दर रू0 500.00 प्रति वेंडर, कल्याणम, नई दिल्ली की दर रू0 500.00 प्रति वेंडर तथा रवी मेसर्स की दर रू0 480.00 प्रति वेंडर प्राप्त हुआ। श्याम ग्रामोद्योग संस्थान की न्यूनतम दर रू0 345.00 की स्वीकृति के अनुमोदन की संस्तुति निविदा कमेटी द्वारा की गयी।

**उपरोक्तानुसार न्यूनतम निविदादाता श्याम ग्रामोद्योग संस्थान की दर रू0 345.00 प्रति वेंडर की दर को राज्य स्तरीय परियोजना स्वीकृति समिति द्वारा अन्य शहरों के सापेक्ष अधिक दर पाया गया। अतः राज्य स्तरीय परियोजना स्वीकृति समिति द्वारा निर्देशित किया गया कि उक्त दर में संस्था श्याम ग्रामोद्योग संस्थान से निगोशिएशन किया जाये। निगोशिएशन के पश्चात दर को अन्तिम रूप देने हेतु समिति द्वारा जिलाधिकारी मथुरा को अधिकृत किया गया। तदनुसार प्राप्त न्यूनतम दर को अन्तिम रूप देते हुए राज्य शहरी आजीविका मिशन को लिखित में सूचित किया जाये और नियमानुसार संस्था को कार्यादेश जारी करते हुए अनुबंध कर अग्रेतर कार्यवाही की जाये।**

6. **बरेली शहर–**

नगर आयुक्त/सिटी प्रोजेक्ट आफिसर के पत्र सं0– 298/डूडा/डे–एन0यू0एल0एम0(एस0यू0एस0वी0)/2016 दिनांक 28.09.2016 द्वारा उपलब्ध कराये गये विवरण के अनुसार शहरी पथ विक्रेता प्लान तैयार करने हेतु निविदा के माध्यम से दिनांक 03.11.2015 को प्रस्ताव आमंत्रित किये गये। इस क्रम में कोई भी प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुए। पुनः दिनांक 09.03.2016 को निविदा के माध्यम से प्रस्ताव आमंत्रित किये गये, जिसमें एक संस्था द्वारा प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया जो कि तकनीकी मूल्यांकन में अनर्ह पाया गया। पुनः तृतीय बार दिनांक 31.03.2016 को निविदा के माध्यम से प्रस्ताव आमंत्रित किये गये, जिसमें एक संस्था द्वारा प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया जो कि तकनीकी मूल्यांकन में अनर्ह पाया गया। पुनः चतुर्थ बार दिनांक 13.07.2016 को निविदा के माध्यम से प्रस्ताव आमंत्रित किये गये, जिसमें एक संस्था बायोटेक वेस्ट मैनेजमेंट प्रा0 लि0, उन्नाव द्वारा प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया जो कि निविदा हेतु गठित समिति द्वारा तकनीकी मूल्यांकन में अर्ह पाया गया। तकनीकी मूल्यांकन में अर्ह बायोटेक वेस्ट मैनेजमेंट प्रा0 लि0, उन्नाव की वित्तीय निविदा खोली गयी, जिसमें बायोटेक वेस्ट मैनेजमेंट प्रा0 लि0, उन्नाव की दर रू0 205.00 प्रति वेंडर प्राप्त हुई। चतुर्थ बार निविदा में प्रस्तुत मात्र एक निविदा बायोटेक वेस्ट मैनेजमेंट प्रा0 लि0, उन्नाव की न्यूनतम दर रू0 205.00 की स्वीकृति के अनुमोदन की संस्तुति निविदा कमिटी द्वारा की गयी।

**उपरोक्तानुसार प्राप्त एक निविदा में प्रस्तुत किये गये न्यूनतम निविदादाता बायोटेक वेस्ट मैनेजमेंट प्रा0 लि0, उन्नाव की दर रू0 205.00 प्रति वेंडर की दर का अनुमोदन राज्य स्तरीय परियोजना स्वीकृति समिति द्वारा किया गया। समिति द्वारा यह भी निर्देशित किया गया कि एजेन्सी को शीघ्र ही कार्यादेश जारी करते हुए अनुबन्ध करते हुए और निविदा अनुसार शहरी पथ विक्रेता प्लान आदि तैयार करने हेतु अपेक्षित कार्यवाही प्रारम्भ की जाये।**

7. <u>मिर्जापुर शहर–</u>

परियोजना निदेशक/अपर जिलाधिकारी (वि0रा0), डूडा– मिर्जापुर के पत्रांक 652/एस0यू0एस0वी0/ 2016–17 दिनांक 27.10.2016 द्वारा उपलब्ध कराये गये विवरण के अनुसार शहरी पथ विक्रेता प्लान तैयार करने हेतु दिनांक 08.07.2016 को निविदा के माध्यम से प्रस्ताव प्रस्तुत किये गये। इस क्रम में तीन निविदादाताओं के माध्यम से प्रस्ताव प्राप्त हुए, जिसे इस हेतु गठित कमेटी के समक्ष पारदर्शी प्रक्रिया अपनाते हुए खोला गया। तकनीकी बिड में प्राप्त प्रस्तावों में तीनों संस्थाओं द्वारा शासनादेशानुसार सभी शर्तें पूर्ण पाई गई है। तकनीकी मूल्यांकन में अर्ह तीनों संस्थाओं की वित्तीय निविदायें खोली गयी, जिसके अनुसार बिजनेस इनोवेशन, लखनऊ की दर रू0 770.00 प्रति वेंडर, अनुराधा टेक्निकल सर्विसेज प्रा0 लि0, वाराणसी की दर रू0 1250.00 प्रति वेंडर, तथा मार्ग साफ्टवेयर साल्यूशन, लखनऊ की दर रू0 1050.00 प्रति वेंडर प्राप्त हुआ। बिजनेस इनोवेशन, लखनऊ की न्यूनतम दर होने के कारण निविदा कमेटी द्वारा निगोशिएशन किया गया, जिसमें बिजनेस इनोवेशन, लखनऊ द्वारा रू0 407.00 प्रति वेंडर की दर प्रस्तुत की गयी। बिजनेस इनोवेशन, लखनऊ की न्यूनतम दर रू0 407.00 की स्वीकृति के अनुमोदन की संस्तुति निविदा कमिटी द्वारा की गयी।

**उपरोक्तानुसार न्यूनतम निविदादाता बिजनेस इनोवेशन, लखनऊ की दर रू0 407.00 प्रति वेंडर की दर को राज्य स्तरीय परियोजना स्वीकृति समिति द्वारा अन्य शहरों के सापेक्ष अधिक पाया गया। अतः राज्य स्तरीय परियोजना स्वीकृति समिति द्वारा निर्देशित किया गया कि चूंकि उक्त दर अत्यधिक उच्च है अतः इस निविदा को निरस्त किया जाये एवं पुनः निविदा प्रकाशित कर संस्था/एजेन्सी के चयन की कार्यवाही की जाये।**

8. <u>लोनी शहर–</u>

नगर आयुक्त/परियोजना निदेशक जिला नगरीय विकास अभिकरण, गाजियाबाद के पत्र सं0–6/डूडा गाजियाबाद/एसयूएसवी/2016–17 लेखा दिनांक 16.11.2016 द्वारा उपलब्ध कराये गये विवरण के अनुसार शहरी पथ विक्रेता प्लान तैयार करने हेतु दिनांक 23.08.2016 को निविदा के माध्यम से प्रस्ताव आमंत्रित किये गये, परन्तु पर्याप्त संख्या में निविदा प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुये। पुनः दिनांक 29.08.2016 को शहरी पथ विक्रेता प्लान तैयार करने हेतु निविदा के माध्यम से प्रस्ताव आमंत्रित किये गये। पुनः प्रकाशित निविदा के आधार पर तीन निविदादाताओं ने प्रस्ताव प्रस्तुत किए, जिसे निविदा हेतु गठित कमेटी के समक्ष पारदर्शी प्रक्रिया अपनाते हुए खोला गया। तकनीकी बिड में प्राप्त प्रस्तावों में दो संस्थाओं द्वारा शासनादेशानुसार सभी शर्तें पूर्ण पाई गई है। तकनीकी मूल्यांकन में अर्ह दोनों संस्थाओं की वित्तीय निविदा खोली गयी, जिसके अनुसार युग एसोसिएट, लखनऊ, की दर रू0 216.00 प्रति वेंडर तथा केरीटास इको सिस्टम प्रा0 लि0 नई दिल्ली की दर रू0 217.00 प्रति वेंडर प्राप्त हुआ। युग एसोसिएट, लखनऊ की न्यूनतम दर रू0 216.00 की स्वीकृति के अनुमोदन की संस्तुति निविदा कमेटी द्वारा की गयी।

**उपरोक्तानुसार न्यूनतम निविदादाता युग एसोसिएट, लखनऊ की दर रू0 216.00 प्रति वेंडर का अनुमोदन राज्य स्तरीय परियोजना स्वीकृति समिति द्वारा किया गया। समिति द्वारा यह भी निर्देशित किया गया कि एजेन्सी को शीघ्र ही**

**कार्यादेश जारी करते हुए अनुबन्ध करते हुए और निविदा अनुसार शहरी पथ विक्रेता प्लान आदि तैयार करने हेतु अपेक्षित कार्यवाही प्रारम्भ की जाये।**

9. **फैजाबाद शहर–**

अपर जिलाधिकारी/परियोजना निदेशक, जिला नगरीय विकास अभिकरण के पत्र सं0– मेमो/डूडा/2016–17 दिनांक 16.08.2016 द्वारा उपलब्ध कराये गये विवरण के अनुसार शहरी पथ विक्रेता प्लान तैयार करने हेतु निविदा के माध्यम से प्रस्ताव आमंत्रित किये गये। प्रकाशित निविदा के आधार पर पांच निविदादाताओं के माध्यम से प्रस्ताव प्राप्त हुए, जिसे निविदा हेतु गठित कमेटी के समक्ष पारदर्शी प्रक्रिया अपनाते हुए खोला गया। तीन निविदादाताओं के प्रस्तावों में ई0एम0डी0 लागत के ड्राफ्ट संलग्न नहीं होने के कारण उनको अनर्ह पाया गया। दो निविदादाताओं के प्रस्ताव तकनीकी मूल्यांकन में अर्ह पाये गये।

प्रथम बार आमंत्रित निविदा में अपेक्षित न्यूनतम संख्या से कम निविदायें प्राप्त होने के कारण **राज्य स्तरीय परियोजना स्वीकृति समिति द्वारा निर्देशित किया गया कि निविदा को निरस्त किया जाये एवं पुनः निविदा प्रकाशित कर संस्था/एजेन्सी के चयन की कार्यवाही की जाये।**

10. **मऊ शहर–**

अपर जिलाधिकारी/परियोजना निदेशक जिला नगरीय विकास अभिकरण, मऊ के पत्र सं0–390/एसयूएसवी/एनयूएलएम/डूडा मऊ/2016–17 दिनांक 18.11.2016 द्वारा उपलब्ध कराये गये विवरण के अनुसार शहरी पथ विक्रेता प्लान तैयार करने हेतु निविदा के माध्यम से प्रस्ताव आमंत्रित किये गये। प्रकाशित निविदा के आधार पर चार निविदादाताओं ने प्रस्ताव प्रस्तुत किए, जिसे निविदा हेतु गठित कमेटी के समक्ष पारदर्शी प्रक्रिया अपनाते हुए खोला गया। तकनीकी बिड में प्राप्त प्रस्तावों में तीन संस्थाओं द्वारा शासनादेशानुसार सभी शर्तें पूर्ण पाई गई है। तकनीकी मूल्यांकन में अर्ह तीनों संस्थाओं की वित्तीय निविदा खोली गयी, जिसके अनुसार युग एसोसिएट, लखनऊ, की दर रू0 243.00 प्रति वेंडर, बायोटेक वेस्ट मैनेजमेंट प्रा0 लि0, उन्नाव की दर रू0 283.00 प्रति वेंडर तथा बिजनेस इनोवेशन, लखनऊ की दर रू0 286.00 प्रति वेंडर प्राप्त हुआ। युग एसोसिएट, लखनऊ की न्यूनतम दर रू0 243.00 की स्वीकृति के अनुमोदन की संस्तुति निविदा कमिटी द्वारा की गयी।

**उपरोक्तानुसार न्यूनतम निविदादाता युग एसोसिएट, लखनऊ की दर रू0 243.00 प्रति वेंडर का अनुमोदन राज्य स्तरीय परियोजना स्वीकृति समिति द्वारा किया गया। समिति द्वारा यह भी निर्देशित किया गया कि एजेन्सी को शीघ्र ही कार्यादेश जारी करते हुए अनुबन्ध करते हुए और निविदा अनुसार शहरी पथ विक्रेता प्लान आदि तैयार करने हेतु अपेक्षित कार्यवाही प्रारम्भ की जाये।**

समिति द्वारा यह भी निर्देशित किया गया कि पथ विक्रेताओं के सर्वेक्षण सिटी स्ट्रीट वेंडिंग प्लान तैयार करने एवं अन्य अपेक्षित कार्यों को सम्पादन कराने हेतु आर0एफ0पी0 के माध्यम से पारदर्शी प्रक्रिया द्वारा एजेन्सी के चयन हेतु अपेक्षित कार्यवाही राज्य शहरी आजीविका मिशन/सूडा द्वारा कराये जाने की सम्भावनाओं पर विचार किया जाय। जिन नगरों में उक्त हेतु अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है

वहां से जानकारी प्राप्त कर इस सम्बन्ध में अपेक्षित कार्यवाही की जाय।

संलग्नक–उपरोक्तानुसार

9/12/2016

(श्रीप्रकाश सिंह)
सचिव

**राज्य शहरी आजीविका मिशन (सूडा), उ0प्र0**
**नवचेतना केन्द्र, लखनऊ**

पत्रांक– 956/241/NULM/तीन/2001(SOSU) दिनांक– 15/12/2016

<u>प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –</u>

1. संयुक्त सचिव, (यू0पी0ए0) आवास एवं शहरी उपशमन मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली।
2. सचिव, नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन।
3. सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, उ0प्र0 शासन।
4. सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन।
5. निजी सचिव, सचिव नगर विकास विभाग, उ0प्र0 शासन।
6. निजी सचिव, सचिव नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग उ0प्र0 शासन।
7. निदेशक, स्थानीय निकाय निदेशालय, उ0प्र0।
8. मिशन निदेशक, एस0यू0एल0एम0, सूडा उ0प्र0।
9. अपर निदेशक, सूडा, उ0प्र0।
10. वित्त नियंत्रक, सूडा/राज्य शहरी आजीविका मिशन एस0यू0एल0एम0, उ0प्र0
11. क्षेत्रीय प्रमुख हडको, लखनऊ।
12. जिलाधिकारी/अध्यक्ष, डूडा– सम्भल, उन्नाव, बुलन्दशहर, जौनपुर, मथुरा, बरेली, मिर्जापुर, लोनी, फैजाबाद एवं मऊ।
13. नगर आयुक्त, नगर निगम, बरेली।
14. अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, सम्भल, उन्नाव, बुलन्दशहर, जौनपुर, मथुरा, मिर्जापुर, लोनी, फैजाबाद एवं मऊ
15. परियोजना निदेशक, सूडा, उ0प्र0।
16. सिटी प्रोजेक्ट ऑफिसर, शहर मिशन प्रबंधन इकाई– सम्भल, उन्नाव, बुलन्दशहर, जौनपुर, मथुरा, बरेली, मिर्जापुर, लोनी, फैजाबाद एवं मऊ।
17. परियोजना अधिकारी, डूडा– सम्भल, उन्नाव, बुलन्दशहर, जौनपुर, मथुरा, बरेली, मिर्जापुर, लोनी, फैजाबाद एवं मऊ।
18. सहायक वेबमास्टर को सूडा की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

आज्ञा से

(शैलेन्द्र कुमार सिंह)
मिशन निदेशक

*****